## Joining Status of Teachers

| S No. | District Name | Total Recommendation by BPSC: Govt. Teacher (1-5) | Govt. Teacher (9-10) | Govt. Teacher (11-12) | Total | Till 26.10.2023: Govt. Teacher (1-5) | Govt. Teacher (9-10) | Govt. Teacher (11-12) | Total | As on 27.10.2023 9:00am: Govt. Teacher (1-5) | Govt. Teacher (9-10) | Govt. Teacher (11-12) | Total | G. Total: Govt. Teacher (1-5) | Govt. Teacher (9-10) | Govt. Teacher (11-12) | Total | % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 = (7+11) | 16 = (8+12) | 17 = (9+13) | 18= (10+14) | 19 |
| 1 | ARARIA | 1788 | 852 | 541 | 3181 | 1625 | 672 | 479 | 2776 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1625 | 672 | 479 | 2776 | 87 |
| 2 | ARWAL | 944 | 189 | 141 | 1274 | 821 | 165 | 131 | 1117 | 0 | 0 | 0 | 0 | 821 | 165 | 131 | 1117 | 88 |
| 3 | AURANGABAD | 2829 | 671 | 617 | 4117 | 2620 | 558 | 597 | 3775 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2620 | 558 | 597 | 3775 | 92 |
| 4 | BANKA | 2333 | 577 | 471 | 3381 | 2158 | 472 | 446 | 3076 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2158 | 472 | 446 | 3076 | 91 |
| 5 | BEGUSARAI | 3320 | 809 | 744 | 4873 | 3044 | 636 | 722 | 4402 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3044 | 636 | 722 | 4402 | 90 |
| 6 | BHAGALPUR | 2391 | 886 | 908 | 4185 | 2124 | 717 | 873 | 3714 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2124 | 717 | 873 | 3714 | 89 |
| 7 | BHOJPUR | 1091 | 564 | 719 | 2374 | 1013 | 455 | 685 | 2153 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1013 | 455 | 685 | 2153 | 91 |
| 8 | BUXAR | 1233 | 388 | 457 | 2078 | 1121 | 302 | 422 | 1845 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1121 | 302 | 422 | 1845 | 89 |
| 9 | DARBHANGA | 5694 | 1303 | 1237 | 8234 | 5194 | 969 | 1198 | 7361 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5194 | 969 | 1198 | 7361 | 89 |
| 10 | E CHAMPARAN | 1985 | 1385 | 869 | 4239 | 1858 | 1115 | 811 | 3784 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1858 | 1115 | 811 | 3784 | 89 |
| 11 | GAYA | 3284 | 1208 | 1148 | 5640 | 3005 | 1017 | 1096 | 5118 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3005 | 1017 | 1096 | 5118 | 91 |
| 12 | GOPALGANJ | 1189 | 867 | 652 | 2708 | 1106 | 688 | 615 | 2409 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1106 | 688 | 615 | 2409 | 89 |
| 13 | JAMUI | 904 | 507 | 375 | 1786 | 802 | 426 | 344 | 1572 | 0 | 0 | 0 | 0 | 802 | 426 | 344 | 1572 | 88 |
| 14 | JEHANABAD | 484 | 235 | 275 | 994 | 453 | 193 | 254 | 900 | 0 | 0 | 0 | 0 | 453 | 193 | 254 | 900 | 91 |
| 15 | KAIMUR | 1495 | 611 | 503 | 2609 | 1374 | 502 | 480 | 2356 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1374 | 502 | 480 | 2356 | 90 |
| 16 | KATIHAR | 1361 | 710 | 536 | 2607 | 1263 | 569 | 503 | 2335 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1263 | 569 | 503 | 2335 | 90 |
| 17 | KHAGARIA | 1265 | 399 | 339 | 2003 | 1152 | 331 | 327 | 1810 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1152 | 331 | 327 | 1810 | 90 |
| 18 | KISHANGANJ | 901 | 324 | 245 | 1470 | 847 | 258 | 219 | 1324 | 0 | 0 | 0 | 0 | 847 | 258 | 219 | 1324 | 90 |
| 19 | LAKHISARAI | 767 | 198 | 210 | 1175 | 690 | 161 | 198 | 1049 | 0 | 0 | 0 | 0 | 690 | 161 | 198 | 1049 | 89 |
| 20 | MADHEPURA | 1983 | 481 | 395 | 2859 | 1841 | 376 | 364 | 2581 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1841 | 376 | 364 | 2581 | 90 |
| 21 | MADHUBANI | 875 | 1191 | 929 | 2995 | 802 | 970 | 881 | 2653 | 0 | 0 | 0 | 0 | 802 | 970 | 881 | 2653 | 89 |
| 22 | MUNGER | 960 | 228 | 292 | 1480 | 850 | 193 | 275 | 1318 | 0 | 0 | 0 | 0 | 850 | 193 | 275 | 1318 | 89 |
| 23 | MUZAFFARPUR | 4598 | 1281 | 1271 | 7150 | 4236 | 1036 | 1215 | 6487 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4236 | 1036 | 1215 | 6487 | 91 |
| 24 | NALANDA | 1065 | 653 | 707 | 2425 | 978 | 547 | 667 | 2192 | 0 | 0 | 0 | 0 | 978 | 547 | 667 | 2192 | 90 |
| 25 | NAWADA | 1017 | 553 | 483 | 2053 | 909 | 444 | 446 | 1799 | 0 | 0 | 0 | 0 | 909 | 444 | 446 | 1799 | 88 |
| 26 | PATNA | 2262 | 1215 | 1766 | 5243 | 2123 | 956 | 1682 | 4761 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2123 | 956 | 1682 | 4761 | 91 |
| 27 | PURNIA | 2789 | 668 | 568 | 4025 | 2549 | 553 | 550 | 3652 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2549 | 553 | 550 | 3652 | 91 |
| 28 | ROHTAS | 915 | 679 | 767 | 2361 | 842 | 559 | 743 | 2144 | 0 | 0 | 0 | 0 | 842 | 559 | 743 | 2144 | 91 |
| 29 | SAHARSA | 1403 | 449 | 378 | 2230 | 1243 | 371 | 367 | 1981 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1243 | 371 | 367 | 1981 | 89 |
| 30 | SAMASTIPUR | 6678 | 1351 | 1118 | 9147 | 6203 | 1095 | 1068 | 8366 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6203 | 1095 | 1068 | 8366 | 91 |
| 31 | SARAN | 1351 | 905 | 891 | 3147 | 1269 | 684 | 855 | 2808 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1269 | 684 | 855 | 2808 | 89 |
| 32 | SHEIKHPURA | 1203 | 136 | 130 | 1469 | 1094 | 112 | 127 | 1333 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1094 | 112 | 127 | 1333 | 91 |
| 33 | SHEOHAR | 321 | 88 | 53 | 462 | 300 | 83 | 50 | 433 | 0 | 0 | 0 | 0 | 300 | 83 | 50 | 433 | 94 |
| 34 | SITAMARHI | 767 | 590 | 476 | 1833 | 705 | 497 | 450 | 1652 | 0 | 0 | 0 | 0 | 705 | 497 | 450 | 1652 | 90 |
| 35 | SIWAN | 980 | 834 | 725 | 2539 | 936 | 675 | 699 | 2310 | 0 | 0 | 0 | 0 | 936 | 675 | 699 | 2310 | 91 |
| 36 | SUPAUL | 1618 | 448 | 311 | 2377 | 1481 | 392 | 301 | 2174 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1481 | 392 | 301 | 2174 | 91 |
| 37 | VAISHALI | 1056 | 885 | 905 | 2846 | 976 | 682 | 853 | 2511 | 0 | 0 | 0 | 0 | 976 | 682 | 853 | 2511 | 88 |
| 38 | W CHAMPARAN | 3446 | 771 | 550 | 4767 | 3207 | 668 | 523 | 4398 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3207 | 668 | 523 | 4398 | 92 |
| # | Total | 70545 | 26089 | 23702 | 120336 | 64814 | 21099 | 22516 | 108429 | 0 | 0 | 0 | 0 | 64814 | 21099 | 22516 | 108429 | 90 |
| | | | | | | | | | | | | | | 92% | 81% | 95% | 90% | |

① Teachers' Recruitment - single विज्ञापन - Highest in country

② 2nd phase — about

③ LNOV. - 25000 participate
शिक्षक/छात्रा/अभिभावक शामिल } सभा सदस्य | Physically Handicapped also
करीब 500 को Dignitaries

↓

जिलों के कार्यक्रम → VC से
विभाग
प्रसारण होगी

---

(I) Radio
(II) Social Media
(III) Movie - on TV | and in Cinemaghar

} Orientation
{ command control center

---

Director - 9065322200
(secondary school)

पत्रांक – 310 / C
**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**

प्रेषक,

**के0 के0 पाठक,** भा0प्र0से0,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक– 26-10-23

**विषय :– बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षाफल के आलोक में विद्यालय अध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिये जाने के संबंध में संशोधित कार्यक्रम।**

प्रसंगः– अधोहस्ताक्षरी का पत्रांक–305 / C, दिनांक 23.10.2023

महाशय,

उपरोक्त पत्रांक–305 / C, दिनांक 23.10.2023 द्वारा यह सूचित किया गया था कि 02 नवम्बर, 2023 को अपराह्न 03:00 बजे माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 25 हजार विद्यालय अध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया जायेगा एवं उन्हें सम्बोधित किया जायेगा।

इस क्रम में यह भी सूचित किया गया था कि सभी जिलों से विद्यालय अध्यापकों को गाँधी मैदान लाया जाएगा, किन्तु अब इस कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए सूचित किया जा रहा है कि दूर–दराज के प्रमंडल यथा–पूर्णियां, भागलपुर एवं सहरसा से अध्यापकों को नहीं लाया जाए और वे अपने जिले के ही कार्यक्रम में भाग लेंगे। तद्नुसार किस जिले से कितने विद्यालय अध्यापकों को लाया जाएगा, उसकी संशोधित सूची इस पत्र के साथ **अनुलग्नक–'क'** के रूप में दी जा रही है।

यहां यह भी अंकित करना है कि पटना, नालंदा एवं वैशाली जिले में जिलास्तरीय कोई कार्यक्रम प्रस्तावित नहीं है, क्योंकि इन तीनों जिलों के सभी सफल विद्यालय अध्यापक गाँधी मैदान में आएंगे। शेष जिले अपने–अपने जिला मुख्यालय में वृहत्त पैमाने पर उक्त कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

इसके अतिरिक्त यह भी उल्लेख करना है कि जिले में हो रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी। साथ ही, जिले में हो रहे समारोह में किन–किन गणमान्य व्यक्तियों को बुलाया जाएगा, इसके लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग आपको अलग से संसूचित करेगा।

पत्रांक–305 / C, दिनांक 23.10.2023 की अन्य बातें यथावत् रहेगी।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक–यथोक्त।

(के0 के0 पाठक)
अपर मुख्य सचिव।

**दिनांक–02.11.2023 को विद्यालय अध्यापकों को तदर्थ नियुक्ति पत्र बांटे जाने संबंधी कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के अभिभाषण हेतु सामग्री।**

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षा विभाग की कुल 1 लाख 70 हजार विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति हेतु परीक्षा ली गई थी। यह परीक्षा अगस्त, 2023 के अंतिम सप्ताह में ली गई थी। आयोग ने तत्परतापूर्वक कार्य करते हुए परीक्षाफल अक्टूबर, 2023 के तीसरे सप्ताह में घोषित कर दिया, जो कि अत्यंत ही सराहनीय है।

इस विज्ञापन द्वारा प्रारंभिक विद्यालयों (कक्षा 1–5) में कुल 79,943 पद के विरुद्ध आयोग द्वारा 70,545 पद की अनुशंसा की गई, जो कि कुल रिक्ति का लगभग 88 प्रतिशत है।

इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 9–10) में कुल पद 32,916 के विरुद्ध 26,089 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई, जो कि कुल रिक्ति का लगभग 80 प्रतिशत है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 11–12) हेतु कुल रिक्तियां 57,602 घोषित की गई थी, जिनके विरुद्ध आयोग ने 23,702 पदों के लिए अभ्यर्थियों की अनुशंसा की है, जो कि कुल रिक्तियों का 41 प्रतिशत हैं

इसी प्रकार तीनों श्रेणियों के कुल 1,70,461 पदों के विरुद्ध आयोग द्वारा 1,20,336 अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई थी, जो कि कुल रिक्तियों का 70 प्रतिशत है। इसमें 57,854 महिलाएं हैं, जो कि कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का लगभग 48 प्रतिशत है।

अतः कुल 50,125 पद अभी भी रिक्त रह गए हैं। इस संबंध में यह घोषणा की जाती है कि ये 50,000 रिक्त पद भी द्वितीय चक्र में शीघ्र ही भरे जाएंगे। उसके हेतु आयोग द्वारा द्वितीय चक्र की परीक्षा नवम्बर, 2023 के अंतिम सप्ताह में ली जाएगी। इन रिक्तियों के अलावा मध्य विद्यालय (कक्षा 6–8) की 31,982 पद तथा माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त रिक्ति 37,724 को जोड़ते हुए, कुल 1,19,831 रिक्तियों हेतु आयोग द्वारा द्वितीय चक्र की नियुक्ति हेतु शीघ्र परीक्षा ली जाएगी।

इस दौरान बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा STET की परीक्षा भी कुल 45 विषयों में ली गई है। अतः यह आशा की जा सकती है कि द्वितीय चक्र में और अधिक विद्यालय अध्यापकों की भर्त्ती की जा सकेगी।

उपरोक्त नियुक्तियों से राज्य का Pupil-Teacher Ratio जो अभी वर्तमान में प्रारंभिक विद्यालय के लिए 45 है और माध्यमिक स्तर पर 88 है, वह घटकर प्रारंभिक विद्यालय के लिए 38 रह जाएगा और माध्यमिक विद्यालय के लिए 50 रह जाएगी। ऐसी स्थिति में राज्य में अध्यापक की उपलब्धता राष्ट्रीय औसत के करीब हो जाएगी, क्योंकि राष्ट्रीय औसत इस समय प्रारंभिक विद्यालय के लिए 30 है और माध्यमिक विद्यालय के लिए 22 है। द्वितीय चक्र की नियुक्ति के बाद यह Pupil-Teacher Ratio राष्ट्रीय औसत से भी बेहतर हो जाएगी।

यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रथम चक्र की इस परीक्षा में लगभग 8,14,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था, जिसमें लगभग 68,000 नियोजित शिक्षक भी

शामिल हैं। इन नियोजित शिक्षकों में से कुल 28,815 नियोजित शिक्षक आयोग द्वारा आयोजित इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं।

यह भी गौर करने की बात है कि कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में 88 प्रतिशत बिहार से हैं और 12 प्रतिशत अन्य राज्यों से हैं। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि बिहार में नौकरी पाने के लिए लोग केरल, कर्नाटक, गुजरात, महाराष्ट्र, असम, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, झारखंड, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एवं प0 बंगाल से भी योगदान करने आए हैं। ओमान एवं कतर से भी बिहार के लोग लौटकर इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होकर बिहार में विद्यालय अध्यापक के पद पर योगदान कर रहे हैं। सेना, अर्द्धसैनिक बल, रेलवे एवं बैंकों तथा बहुर्राष्ट्रीय कंपनियों के भी कई अभ्यर्थियों ने विद्यालय अध्यापक के पद पर योगदान किया है। साथ ही, कान्वेंट विद्यालय, डी0पी0एस0 एवं केन्द्रीय विद्यालय के भी कई अध्यापकों ने आयोग की दी हुई परीक्षा को उत्तीर्ण किया है और विद्यालय अध्यापक के पद पर योगदान किया है।

उपरोक्त आंकड़ों को देखने से यह स्पष्ट है कि बिहार में 18 साल की मेहनत से जो माहौल बदला है, उसकी छवि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर काफी बेहतर हुई है और यही कारण है कि इतने दूर–दराज के लोग बिहार लौटकर विद्यालय अध्यापक के पद पर योगदान कर रहे हैं।

अतः इतनी भारी संख्या में जो **Talent Pod** हमारे विद्यालयों को प्राप्त हुआ है, उसे पूरी तरह इस्तेमाल करना हमारी प्राथमिकता होगी और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आयोग से चुनकर आए इन सुयोग्य विद्यालय अध्यापकों का पूरा लाभ बिहार के 75,309 विद्यालयों में पढ़ रहे सवा दो करोड़ छात्रों को मिले।

सरकार का यह प्रयास है कि राज्य के सभी श्रेणी के विद्यालयों में अग्रणी स्तर की शिक्षा प्रदान की जाए और कोई भी छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अछूता न रहे। इस क्रम में यह भी घोषणा की जाती है कि अब विद्यालय अध्यापकों के प्रचुर मात्रा में उपलब्धता के बाद सरकार वैसे कमजोर छात्रों को चिन्हित करेगी, जो अभी भी पढ़ाई में कमजोर हैं। इन छात्रों के लिए सरकार **"मिशन द्रोणाचार्य"** प्रारम्भ करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि गरीब परिवारों के वैसे बच्चे, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता नहीं हो पा रही है, उन्हें यह नवनियुक्त अध्यापक निजी और व्यक्तिगत ध्यान देते हुए इन कमजोर बच्चों को विद्यालय अवधि समाप्त होने के बाद अलग से पढ़ाएंगे।

संशोधित - अनुलग्नक

| पटना प्रमण्डल | | | |
|---|---|---|---|
| कमांक | जिला | शिक्षकों की संख्या | बसों की संख्या |
| 1 | पटना | 4000 | 75 |
| 2 | नालंदा | 2000 | 40 |
| 3 | भोजपुर | 1500 | 38 |
| 4 | बक्सर | 500 | 13 |
| 5 | रोहतास | 500 | 17 |
| | **प्रमण्डल योग** | **8500** | **183** |
| **मगध प्रमण्डल** | | | |
| 6 | गया | 1000 | 25 |
| 7 | जहानाबाद | 500 | 13 |
| 8 | अरवल | 200 | 5 |
| 9 | औरंगाबाद | 500 | 13 |
| 10 | नवादा | 500 | 13 |
| | **प्रमण्डल योग** | **2700** | **69** |
| **मुंगेर प्रमण्डल** | | | |
| 11 | शेखपुरा | 200 | 5 |
| 12 | जमुई | 300 | 8 |
| 13 | लखीसराय | 300 | 8 |
| 14 | मुंगेर | 300 | 8 |
| 15 | बेगूसराय | 500 | 17 |
| 16 | खगड़िया | 300 | 8 |
| | **प्रमण्डल योग** | **1900** | **54** |
| **दरभंगा प्रमण्डल** | | | |
| 17 | दरभंगा | 1000 | 25 |
| 18 | मधुबनी | 1000 | 25 |
| 19 | समस्तीपुर | 1500 | 38 |
| | **प्रमण्डल योग** | **3500** | **88** |
| **तिरहुत प्रमण्डल** | | | |
| 20 | मुजफ्फरपुर | 1500 | 38 |
| 21 | सीतामढ़ी | 800 | 20 |
| 22 | शिवहर | 200 | 5 |
| 23 | पूर्वी चम्पारण | 1000 | 38 |
| 24 | वैशाली | 2500 | 50 |
| | **प्रमण्डल योग** | **6000** | **151** |
| **सारण प्रमण्डल** | | | |
| 25 | सारण | 1000 | 25 |
| 26 | गोपालगंज | 700 | 16 |
| 27 | सिवान | 700 | 16 |
| | **प्रमण्डल योग** | **2400** | **57** |
| **समेकित योग** | | **25000** | **602** |